# दिनांकः 13.01.2023 को संपन्न जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति–

दिनांकः 13.01.2023 को जनपद जौनपुर के विकास भवन सभागार में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही।

1. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जौनपुर।
2. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
3. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), के प्रतिनिधि
4. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि
5. डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
6. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
7. समस्त आई0एस0ए0 के प्रतिनिधि।
8. उद्यमिता विकास संस्थान के प्रतिनिधि।

बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–

1. बैठक में जल जीवन सर्वेक्षण 2023 में जनपद की रैकिंग में सुधार हेतु विस्तृत चर्चा की गयी एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर को निर्देशित किया गया कि उक्त सर्वेक्षण में दिये गये इन्डीकेटर्स पर निर्धारित अंक के सापेक्ष जनपद का प्राप्तांक बढ़ाने हेतु यथासंभव प्रयास करें।

2. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर द्वारा अवगत कराया गया कि माह–अगस्त, 2022 में 4918, माह–सितम्बर 2022 में 5838, माह–अक्टूबर में 9162, माह–नवम्बर में 8161, माह–दिसम्बर 2022 में 9166 ग्रह संयोजन दिये गये हैं। अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया एवं मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) एवं मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि न्यूनतम् 500 नग गृह संयोजन प्रतिदिन किया जाना सुनिश्चित करें।

3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद में कार्यरत इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सियों (आई0एस0ए0) के बिलों का भुगतान ससमय किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर को निर्देशित किया गया एवं सभी आई0एस0ए0 को निर्देशित किया गया है कि अपने दायित्वों का निर्वहन गुणवत्तापूर्ण रूप से किया जाना सुनिश्चित करें।

4. उद्यमिता विकास संस्थान के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से कुल 13 टेक्निकल सपोर्ट मैनपॉवर यथा प्लम्बर, पम्प ऑपरेटर, मोटर मैकेनिक, फिटर, इलेक्ट्रिशीयन, मेशन आदि को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर को निर्देशित किया गया कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के मानकानुसार संपन्न कराने हेतु अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से सभी खण्ड विकास अधिकारियों को पत्र प्रेषित करायें।

5. अधोहस्ताक्षरी द्वारा मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) एवं मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेन्सी मे0 मेधज द्वारा दिये गये नॉन कम्प्लाएन्स का यथाशीघ्र कम्प्लाएन्स किया जाये एवं निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाना सुनिश्चित करें।

6. अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी एजेन्सियां समीक्षा के दौरान सम्बन्धित रिपोर्ट को पॉवर प्वाण्ट पर तैयार कर प्रदर्शित करें।

Cont-2

Scanned with CamScanner

7 अधोहस्ताक्षरी द्वारा मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) एवं मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि एस.एल.एस.एस.सी. से स्वीकृत पेयजल योजनाओं का कवर एग्रीमेन्ट यथाशीघ्र तैयार करें एवं जिन पेयजल योजनाओं का कवर एग्रीमेन्ट तैयार कर लिया गया है, वहां कार्य प्रारम्भ करें।

8. अधोहस्ताक्षरी द्वारा मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को निर्देशित किया गया कि कवर एग्रीमेन्ट तैयार किये गये सभी पेयजल योजनाओं पर तुरन्त कार्य प्रारम्भ करें एवं अधिक से अधिक गृह संयोजन देकर जनता को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

9. अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गये ट्रेन्चों की बैकफीलिंग यथोचित ढंग से पूर्ण किया जाय जिससे आवागमन में कोई असुविधा न हो।

10. अधोहस्ताक्षरी द्वारा पाइप पेयजल योजना के निर्माण के लिए नामित एजेन्सियों को निर्देशित किया गया कि कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व रोड़ कटिंग आदि से सम्बन्धित ड्राइंग सम्बन्धित विभागों को प्रेषित कर एन0ओ0सी0 प्राप्त कर लिया जाय।

11. अधोहस्ताक्षरी द्वारा टी0पी0आई0ए0 से सामाग्री की गुणवत्ता के सम्बन्ध में पूछे जाने पर टी0पी0आई0ए0 द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा प्रयोग की जा रही सामाग्री की गुणवत्ता मानकानुरूप है, उक्त सामाग्रियों की प्री–डिलेवरी एवं पोस्ट–डिलेवरी इन्सपेक्शन राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सूचीबद्ध संस्थाओं से कराया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को निर्धारित मानकानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाना सुनिश्चित करें।

12. जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वेलस्पन एवं एफकान्स एजेन्सी द्वारा अत्यन्त धीमी गति से कार्य कराया जा रहा है, कार्य की प्रगति असंतोषजनक है, इसमें और अधिक तेजी लाये जाने की आवश्यकता है। सम्बन्धित संस्था को यह निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक मैनपॉवर/मशीनरी लगाकर कार्य ससमय पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त बिन्दुओं पर अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश के साथ बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी
जौनपुर

## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर

पत्रांकः 35 /जे0 ओ0 बि0 / 06 दिनांकः 21/01/2023

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जौनपुर।
2. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जौनपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, मुम्बई।
5. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), मुम्बई।
6. डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
7. टी0पी0आई0ए0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
8. समस्त आई0एस0ए0 के प्रतिनिधि।
9. उद्यमिता विकास संस्थान के प्रतिनिधि।

जिलाधिकारी
जौनपुर

Scanned with CamScanner